## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स की बैठक 14 को

**छिन्दवाड़ा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि कल दिनांक 14.01.2024 दिन रविवार को पुराना पी.डब्ल्यू.डी.ऑफिस के बाजू में जी.एस.टी.कार्यालय के सामने ,पार्षद भवन में छिन्दवाड़ा में दोपहर 12:30 बजे से बैठक रखी गयी है । जिसमें एसोसिएशन के ब्लॉक व तहसीलों व चुनाव की जानकारी दी जायेगी। साथ ही विभिन्न पेंशनरों के प्रकरण लंबित है। उस पर शीघ्र कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव पारित किये जायेंगे । अतः एसोसिएशन के समस्त सम्माननीय पेशनरों से अनुरोध है कि बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें ।

### स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती पर हुए आयोजन



**सिंगोडी।** सिंगोड़ी के नई आबादी स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय में 12 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य भास्कर राव सोनी उपस्थित रहे, स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती विषय पर प्रकाश डालते हुए संस्था के एचओ डी पवन राव सोनी जी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा नन्हे मुन्ने बच्चों को दी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पधारे समस्त आगंतुको का तिलक लगाकर स्वागत किया, बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य किया गया एवं रिकॉर्डिंग डांस पर आदिवासी समाज की छवि दिखाई दी।

### भाजपा नगर युवा मोर्चा ने लगाए पीपल के पौधे

**छिंदवाड़ा।** भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पीपल का पौधे लगाए भाजपा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू विवेक मंडराह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है युवा देश का भविष्य और राष्ट्र निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

### लगभग 5 से 6 घंटे तक छात्र रहे कमरों के अंदर बंद, विद्यालय के शिक्षक मेश्राम पर छात्रों ने लगाये मारपीट के आरोप

# नवोदय विद्यालय में छात्रों ने दरवाजा बंद कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोडी



छिंदवाड़ा जिले के जनपद अमरवाड़ा अंतर्गत ग्राम सिंगोड़ी में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 वी और 11वीं के छात्रों ने विद्यालय के इंग्लिश विषय के शिक्षक सर्वेंद्र मेश्राम और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ़ बच्चों के साथ मारपीट करने, मनमानी और तानाशाही रवैया अपनाने को लेकर लामबाद होते हुए दिखे। दरअसल शुक्रवार की सुबह से ही विद्यालय के छात्र अपने हाउस में रहे और बाहर तक नही निकले । किंतु जब विद्यालय के लगने का समय एवं प्रार्थना का समय होता है और इस हाउस के लगभग 100 बच्चे जब प्रार्थना सभा में उपस्थित नहीं हुए तो विद्यालय प्रबंधन हक्का-बक्का रह गए और तुरंत ही हाउस में जाकर बच्चों को प्रार्थना में आने के लिए शिक्षक उन्हें देखने पहुंचे तो बच्चे आने को तैयार नहीं थे। जब विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने बच्चो को बाहर आने को लेकर कमरे के बाहर से ही बात करनी चाही तो उन्होंने बंद दरवाजे के अंदर से ही मेश्राम सर को हटाने को लेकर एवं बच्चों के साथ हुई मारपीट को लेकर अपनी बात रखी और उनसे परेशान होकर उन्हें हटाने की मांग रखी किंतु विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बच्चो को सही तरीके से संतुष्ट नही किया गया। इसके बाद छात्रों ने अपने हाउस का दरवाजा नहीं खोला और प्रशासन से बात करने की मांग रख दी जैसे-जैसे विद्यालय का समय बढ़ता गया और वैसे-वैसे विद्यालय प्रबंधन की धड़कन बंद दरवाजे में कैद बच्चो को लेकर तेज होती गई किंतु हल कुछ भी नही निकल पाया। हालांकि विद्यालय प्रबंधन ने इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों और बच्चो के परिजनों को दी। जानकारी लगते ही कोई अप्रिय घटना न हो को लेकर अमरवाड़ा एसडीएम सहित एसडीओपी और अन्य प्रशासनिक अमला मौका स्थल जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी पहुंचा जहां पर उन्होंने बंद कमरे में कैद बच्चों से दरवाजा खुलवाया और उनकी मांगों को सुनकर कार्यवाही करने की बात कही तब जाकर छात्रों ने अपना विरोध प्रदर्शन बंद किया। विद्यालय में अध्ययनरत लगभग सैकड़ो छात्रों ने बंद कमरे में ही अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अमरवाड़ा एसडीएम से वार्तालाप की और उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। छात्रों ने अंग्रेजी विषय के शिक्षक मेश्राम सर को हटाने की मांग रखी और सभी छात्रों के साथ अच्छे से व्यवहार करने की मांग रखी।मीडिया और प्रशासन से बात करने को लेकर अड़े रहे छात्र, लेकिन मीडिया को प्रशासन ने अंदर नहीं जाने दिया हालांकि इस सम्पूर्ण मामले को लेकर सिंगोड़ी सहित आसपास के क्षेत्रो में जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रो के साथ मारपीट करने की बात आग की तरह फैल गई जिससे सारे क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया। विद्यालय के छात्र मीडिया और प्रशासन से बात करना चाहते थे लेकिन प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बंद कमरों में ही बगैर मीडिया के अंदर बच्चों को समझाने में लगे हुए थे किंतु मीडिया को उन्होंने अंदर तक नहीं जाने दिया जिससे कही ना कही प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सवाल खड़े होते है कि आखिर क्यों बच्चों को बंद कमरों में बात की जा रही थी और मीडिया को प्रवेश नहीं दिया गया कही न कहीं इस मामले पर उनके ऊपर भी सवाल खड़े होते हैं कुछ पालकों का कहना है कि आखिर बच्चों को बंद कमरों के अंदर क्यों बात की गई और मीडिया को प्रवेश क्यों नहीं दिया गया यह बात किसी को भी समझ नही आ रही है जो समझ से परे है जिसके चलते इस मामले को दबाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे है हमेशा विवादो में घिरा रहता है जवाहर नवोदय विद्यालय अंदर की बात फिर आई बाहर मचा हड़कंपदरअसल जवाहर नवोदय विद्यालय में यह कोई पहला मामला नहीं है ऐसे कई मामले विगत कई वर्षों में यहां पर देखने को मिले हैं किंतु लगातार विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही दिनों दिन बढ़ती जा रही है ।

#### मानसिक प्रताड़ना और मानसिक दबाव

शासन और स्कूल प्रबंधन के द्वारा मिडिया को बच्चों से बात नहीं करने दे रहे थे किसी तरह मिडिया के लोगो ने अध्यनरत छात्रों से बात की, छात्रों ने बताया की स्कूल प्रबंधक एवं शिक्षकों का व्यवहार कुशल नहीं है वह मानसिक प्रताड़ना जैसा व्यवहार कर रहे हैं। हम यहां पढ़ने आये है ना की हंगामा करने। शिक्षक के द्वारा स्कूल से डिसमिस करने की बार-बार धमकियां भी दी जाती है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में अमरवाड़ा एसडीएम हेम करण धुर्वे ने बताया कि बच्चों को समझाइए दी गई और परीक्षा समीप होने के कारण मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। एवं जिन शिक्षको से आप लोगो को आपत्ति है उन्हे हटाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।

**हेमकरण धुर्वे अमरवाड़ा एसडीएम**

इस संपूर्ण मामले में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य विद्याशरद जोशी ने कहा कि बच्चो ने मोबाईल फोन रखा हुआ था शिक्षक द्वारा उन्हें समझाया गया किंतु वह बड़े बच्चे होने के कारण नियमो के विरुद्ध कार्य कर रहे थे इसलिए बच्चो ने हंगामा किया फिलहाल बच्चो को समझा दिया गया है और सभी बच्चे अपनी पढ़ाई में लगे हुए है।

**प्राचार्य, नवोदय विद्यालय**

# गांजे के विक्रय का आरोप अप्रमाणित, न्यायालय ने किया दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

न्यायालय माननीय विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.), छिंदवाड़ा के समक्ष प्रकरण मध्य प्रदेश शासन विरुद्ध मनीष मालवी प्रकरण क्रमांक SCNDPS/5/22 न्यायालय ने आरोपी को इस आधार पर दोष मुक्त कर दिया है कि पॉकेट विटनेस के आधार पर पुलिस किसी मामले को सिद्ध करने में सक्षम नहीं होती है ।मामले में स्वतंत्र गवाह की आवश्यकता होती है। आरोपी मनीष मालवीय की ओर से अधिवक्ता डॉ हृदेश श्रीवास्तव ने उक्त तर्क प्रस्तुत किया जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपी को दोष मुक्त कर दिया। अभियुक्त मनीष मालवी की ओर से अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत है अभियोजन का यह दायित्व होता है, कि वह संदेह से परे जाकर मामले को सिद्ध करें, किंतु इस मामले में अभियुक्त के विरुद्ध दोषपूर्ण कार्यवाही स्पष्टः परिलक्षित हो रही है, इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनेकानेक मामलों में इस तथ्य की पुष्टि की है कि अभियुक्त को दोषी तब ही घोषित किया जा सकता है, जबकि अभियोजन संदेह से परे जाकर मामले को सिद्ध कर सके, अभियोजन की कहानी इस प्रकार थी कि, एक व्यक्ति पी.जी. कॉलेज रोड की तरफ सफेद रंग की चैक शर्ट और नीले जींस पहने श्रीचंद स्कूल के बगल में गांजे की डिलेवरी करने आने वाला है। इस संबंध में उ.नि. रविन्द्र पवार कार्यवाही करते हुए गवाहों के समक्ष अभियुक्त को पकड़ते हैं, और विभिन्न कार्यवाहियों को अंजाम देते हैं और अभियुक्त के पास से गांजे की कुल जप्ती 1513 ग्राम प्राप्त करना बताते हैं। तदानुसार पुनः कार्यवाहियों को अंजाम देते हुए अभियुक्त के विरूद्ध स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8 एवं 20 के तहत अभियुक्तके विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली छिंदवाड़ा में अपराध क्रमांक 0232/2022 पंजीकृत करते हैं। अभियुक्त का बचाव साक्ष्य एवं अभियुक्त के अधिवक्ता डॉ हृदेश श्रीवास्तव का प्रतिपरीक्षण यह प्रमाणित करता है कि संपूर्ण कार्यवाही दोषपूर्ण तरीके से अभियुक्त मनीष मालवी के विरूद्ध करते हुए उसे झूठा फंसाया गया है।

### उत्तरप्रदेश ने अपने नाम किया अखिल भारतीय कबड्डी का खिताब

**छिंदवाड़ा।** जनजागरण मंच के तत्वाधान में स्व श्री जयचंद जी जैन की स्मृति में स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित अखिल भारतीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय प्रतियोगिता के चार क्वाटर फाइनल दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया, सभी मैच बड़े ही रोमांचक रहे, कुछ मैचों में तो अंतिम मिंटो में हार जीत का फैसला हुआ, जन जागरण मंच के सदस्य दुर्गेश नरोटे ने जानकारी देते हुए बताया की सर्वप्रथम पहला क्वाटर फाइनल उत्तरप्रदेश विरुद्ध रेड आर्मी दिल्ली के मध्य खेला गया।

# पुलिस ने 11 लाख रूपए सहित मशरूका किया जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस ने बीते दिनों हुई सोने के जेवरात की धोखाधड़ी के अपराध का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है। बीते दिनों प्रार्थी मनोज चौरसिया ने थाना चांद में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर जांच में जुट गई। इसके बाद पुलिस को जांच पड़ताल करने के बाद आरोपी का खुलासा करने में सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी अजमल पिता गिरधारी नाथ अहिरखेडी थाना द्वारकापुरी इंदौर, प्रकाश नाथ पिता रमेश नाथ उम्र 32 साल निवासी नाथ मोहल्ला आनंद नगर सादलपुर, राहुल नाथ पिता शौकीन नाथ निवासी नाथ मोहल्ला आनंद नगरसादलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपी मिथुन नाथ निवासी विजय मंडी उज्जैन फरार है। पुलिस ने आरोपी दो जोड़ी के कंगन, दो नगर सोने का हार, छह नग सोने की अंगूठियां, एक सोने की चैन, एक सोने एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान के झाले कंछड़ी सहित, तीन जोड़ी सोने के कान के झाले, दस नगर सोने की मनचली कुल कीमती करीब , 8 लाख 70 हजार रूपये एक अल्टो बरामद की गई है। इस कार्यवाही को अंजाम देने में निरीक्षक राकेश बघेल, उपनिरीक्षक चैनसिंह, अखिलेश तिवारी सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

# निगमायुक्त ने की बड़ी कार्यवाही, अमानत राशि हुई राजसात

### इमलीखेड़ा में प्रीमियम राशि जमा न करने पर दुकान आवंटन हुआ निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने समय सीमा बैठक में दुकान क्रय करने के उपरांत भी शेष राशि जमा न करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही हेतु नस्ती प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस पर बड़ी कार्यवाही करते हुए निगमायुक्त ने शुक्रवार को एक दुकान का आवंटन निरस्त कर दिया। नगर निगम के इमलीखेड़ा चौक स्थित भूतल दुकान क्रमांक 16 के विक्रय हेतु ई निविदा आमंत्रित की गई थी जिसके नियम शर्तो के की स्वीकृति एवं अमानत राशि जमा करने के बाद दुकान का आवंटन श्री अनिरुद्ध नागौत्रा पिता अरुण नागौत्रा को किया गया था। ई निविदा की शर्तो का उल्लंघन करते हुए आवेदक द्वारा अमानत राशि जमा करने के उपरांत एक भी किस्त का भुगतान नगर निगम को नही किया गया। इस पर आवेदक को निगम द्वारा बार बार सूचना पत्र एवं नोटिस दिए गए। इसके उपरांत भी आवेदक द्वारा दुकान प्रीमियम की बाकी राशि 23 लाख रुपए निगम में जमा नही कराई गई। आयुक्त द्वारा पर्याप्त सुनवाई का अवसर दिए जाने के उपरांत भी आवेदक द्वारा दुकान प्रीमियम की बकाया राशि जमा नही करने पर नगर निगम आयुक्त द्वारा इमलीखेड़ा चौक बैतूल रोड स्थित भूतल दुकान क्रमांक 16 का आवंटन निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही आवेदन द्वारा दी गई अमानत राशि 2.20 लाख रुपए को नगर निगम द्वारा राजसात कर लिया गया। आयुक्त राहुल सिंह ने बताया कि आगे भी चिन्हित बकायदारों की दुकानों के आवंटन को निरस्त किया जा कर राशि राजसात करने की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

#### निगमायुक्त ने किया एक दुकान का आवंटन निरस्त

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह इन दिनों अतिक्रमण को लेकर काफी सख्त दिखाई पड़ रहे है। इसी क्रम में बड़वन स्थित अवैध गुमठियो पर बड़ी कार्यवाही की गई।शुक्रवार को हुई इस बड़ी कार्यवाही के लंबे समय से जमी 12 गुमठियो को स्थल से हटाया गया। इसके साथ ही सांची पार्लर को आड़ में हुए अतिरिक्त कब्जे को भी निगम अमले ने हटा दिया। इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी नीरज तांबे सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गाँव समृद्धि और आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

।बिछुआ-जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत पनियारी एवं खदबेली में सम्पन हुआ,कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती का पूजन एवं छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर की गई,विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार द्वारा केंद्र एवं राज्य में चल रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी,उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत (गोलु)नागरे ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे है,कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,वरिष्ठ नेता मारोती कोचे,अयोध्या सोनी ,हरिशचंद्र जम्बोलकर,संजीव ढिकु, संदीप भट्ट ,अरविंद वर्मा, यदुराज रघुवंशी ,राजू गुर्वे, रणदीप बन, रामराज वर्मा, किशोर नंदेश्वर, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं सभी विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारी,मातृशक्ति,ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुईं श्रीमती उईके

### विभिन्न पात्र हितग्राहियों को मौके पर किया हितलाभों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारतसरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार छिंदवाड़ा जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत सारना और खैरीभुताई के ग्रामीणों के लिए ग्राम सारना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 26 जनवरी तक आयोजित की जा रही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और सभी ग्रामीणों को यात्रा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के संपर्क में आकर अपनी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उईके द्वारा मौके पर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया गया। उन्होंने मंच से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 2 स्व-सहायता समूहों को 6-6 लाख रुपए की राशि, कृषि विभाग के अंतर्गत कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया और इनकी उपयोगिता की जानकारी भी हितग्राहियों को दी। मंत्री श्रीमती उइके ने सभी उपस्थितों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ग्राम की छात्राओं कु.भूमिका, रवीना, निहारिका, पूनम, अनुराधा, श्रध्दा और कशिश द्वारा धरती करे पुकार थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसकी सराहना करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती उईके ने मंच से सभी छात्राओं को सम्मानित किया।ग्रामीणों को उन्नत तकनीकी युक्त आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन की जानकारी दी।

# महाविद्यालय में मनाया युवा दिवस उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



बिछुआ कॉलेज में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजनयुवा दिवस पर भाषण एवं चित्र प्रदर्शनी प्रतियोगिता सम्पन्नमध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में स्वामी विवेकानंद जी की 27वी जयंती 12 जनवरी 2024, ?राष्ट्रीय युवा दिवस? पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरपी यादव के मार्गदर्शन में प्रातः 9 बजे सूर्य नमस्कार संपन्न हुआ जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक- नगर परिषद बिछुआ के अध्यक्ष श्री रामचन्द्र बोबडे जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सतीश भलावी महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रमोद विश्वकर्मा,नगर परिषद के पार्षद गण के साथ ही नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं समस्त प्राध्यापक,समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, सभी ने बड़े ही उत्साह से विभिन्न योगासन एवं सूर्य नमस्कार किया। इसके पश्चात 11 बजे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए व्याख्यान का प्रसारण किया गया जिससे छात्र छात्राओं को स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा मिले। साथ ही भाषण प्रतियोगिता ?विवेकानंद युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा? विषय पर भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मालती मर्सकोले द्वितीय स्थान पर मोहित वर्मा तृतीय स्थान पर भाग्यश्री रही । साथ ही दूसरी प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### कांग्रेस नेता को सूचना मिलने के कारण वाहन नहीं भेजन बना चर्चा का विषय

# कार्यवाही के बाद दिन के उजाले में निकले रेत चोरी के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में हो रही लगातार रेत की चोरी पर अंकुश लगाने वाले खनिज, राजस्व, पुलिस विभाग ,की, मौन स्वीकृति से जिस तरह से रेत के ओवरलोड ट्रैक्टर, ट्रक, टिप्पर, लगातार नदियों से खुलेआम रेत लेकर कतार बद्ध होकर निकल रहे हैं। उससे सिद्ध हो गया है। कि ईन विभागों की मिली भगत से अब इनकार नहीं किया जा सकता? ऐसा आम जनता में शासन के खिलाफ चर्चा भी होने लगी है !कि मुख्यमंत्री स्वच्छ प्रशासन की बात करते हैं! लेकिन तामिया तहसील में उनकी बात के एकदम उलट रेत चोरी होना उनके बयान को महत्वहीन ही करती है। हालांकि पुलिस ने कुछ ट्रैक्टर रेत की चोरी करते पकड़े हैं।वही खनिज विभाग ने रेत और गिट्टी के ट्रक पकड़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई? लेकिन राजस्व विभाग जो नदियों का मालिक है । वो अब तक कार्यवाही के नाम पर शिफर से आगे नहीं बढ़ा? बीती रात तामिया से 1 किलोमीटर की दूरी पर प्राप्त जानकारी के अनुसार एवं आने जाने वाले वाहनों के चालकों में चर्चा व्याप्त है। कि पुलिस ने पांडू पिपरिया के आदतन रेत माफिया के टिप्पर को रोके जाने की चर्चा है। चर्चा तो यहां तक भी है। कि जैसे ही रेत का टिप्पर रात्रि लगभग 2:00 बजे रेत से भरा रोका,गया? तो रात्रि में अपने निजी वाहन से गश्ती करने वाले, रेत चोरों ने पुलिस पर मनोवैज्ञानिक दवाव बनाते हुए? अपने साथी का वाहन बिना कोई कार्रवाई के ले जाने की भी, चर्चा है। जिनको भी इस कार्रवाई की जानकारी है। और जो रेत चोरी में लिप्त हैं । उनमें जमकर ईसकी चर्चा हो रही? इस तरह बीती रात रेत पकड़ने के बाद भी आखिर कौन सी मजबूरी आन पड़ी की इस रेत के वाहन को छोड़ना पड़ा ?क्या पांडू पिपरिया का रेत माफिया शासन प्रशासन से ऊपर है। या उसे अधिकारियों का खुला संरक्षण है। यदि उच्च अधिकारी यदि बीती रात रेत चोरी पकड़े गए, टिप्पर को छोड़े जाने की चर्चा के अनुसार जांच करेंगे तो मोबाइल लोकेशन से पता चलेगा? की रेत चोर और अधिकारियों के आसपास कितने मोबाइल लोकेशन पर थे? रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं !कि इतनी बड़ी कार्रवाई होने के बाद भी वो रेत ले जाने में तनिक भी नहीं हिचके? और उन्होंने आज सुबह अपने रेत के भरे वाहन दिन के उजाले में निकाल कर सिद्ध कर दिया? कि हम रेत पकड़ने वाले विभागों से ऊपर हैं। दिन के उजाले में निकाले गये रेत के वाहन तो यही सिद्ध कर गए? अब देखना है !कि प्रशासन के सामने अब जो रेत की चोरी रोकने की घड़ी आन पड़ी है। सबसे हैरत करने वाली बात यह है।

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान हैः नागरे

# जनपद शिक्षा केंद्र बिछुआ ने 21 दिव्यांगों को बांटे उपकरण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ।**

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा केन्द्र छिंदवाड़ा के निर्देशन में जनपद शिक्षा केन्द्र बिछुआ के प्रांगण में दिव्यांगों जनों को उपकरण वितरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विकासखंड की विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत 21 विद्यार्थियों को सहायक उपकरणों बांटे गए। उपकरण वितरण शिविर में जनपद पंचायत बिछुआ की शिक्षा समिति के अध्यक्ष निरंकुश नागरे, जपं सीईओ सुरेश कुमार इंदौरकर, बीईओ रमेश गाजरे, बीआरसी दिनेश कुमार डिगर्से, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य व्हीके पडोले, बीएसी जयदेव खरपुसे समेत दिव्यांगजन एवं पालक-अभिभावक गण उपस्थित थे। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दिनेश कुमार डिगर्से ने कहा कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं को आवश्यक उपकरण प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है।

जिसके के लिए स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन प्रतिबद्ध है। बीएसी जयदेव खरपुसे ने कहा की पूर्व में आयोजित चिन्हाकन शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड एवं एलिमको टीम जबलपुर के द्वारा दिव्यांगों को उपकरण वितरण के लिए चिन्हित किया गया था। सीईओ सुरेश कुमार इंदौरकर ने उदाहरणों के माध्यम से कहा की दिव्यांगजन भी वर्तमान में कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहें हैं,

जो समाज के लिए भी प्रेरणादायीं बन रहें है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने दिव्यांगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि वरदान हैं, बशर्ते की सोच सही होनी चाहिए जो जीवन में सफलता दिलाती है। एमआरसी दीपक डेहरिया ने दिव्यांगों को शासन से दी जानें वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एलिम्को जबलपुर एवं जिला शिक्षा केंद्र के नोडल अधिकारी, जनपद शिक्षा केंद्र के कर्मचारियों, मीडिया आदि उपस्थित थे।

# नगर परिषद बिछुआ ने स्वच्छता सर्वेक्षण में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बिछुआ।** नगर परिषद बिछुआ के द्वारा एक फिर स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के घोषित परिणामों में नगर परिषद बिछुआ को वर्ष 2023 में नगर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, गीला और सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित करने के लिए अच्छी रैंकिंग मिली है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद बिछुआ को जोनल में 11 वीं, राज्य स्तर पर 26 वीं, राष्ट्रीय स्तर पर 52 वीं रैंक प्राप्त हुई। बता दें कि निकाय को पहली राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 में रैंक मिली है। निकाय के उत्कृष्ट प्रदर्शन में नगर परिषद बिछुआ के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, सभापति श्रीमती बिन्दु दिमाकचंद मालवीय, सीएमओ महेश प्रसाद साहू, स्वच्छता निरीक्षक उत्तम कुमार नरें, स्वच्छता पर्यवेक्षक विशाल सोनी, स्वच्छता ग्राही उमेश साहू, उपयंत्री सौहार्द मात्रे, निकाय कर्मी सुभाष आम्बुलकर, श्रवण कड़वे समेत सफाई विभाग के कर्मचारियों, एम्बेसेडर की कड़ी मेहनत का नतीजा रहा। सजगता और जन सहयोग से मिली इस उपलब्धि का श्रेय निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभापति ने नगरवासियों को दिया।

# युवा दिवस का कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा**

12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी उपलक्ष्य में आज अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय अधिवक्ता कार्यालय छिंदवाड़ा में दोपहर 2:30 बजे किया गया कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय पालीवाल एवं अध्यक्ष लिीप धारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला इकाई के अध्यक्ष दिलीप धारा न स्वामी विवेकानंद जी का जीवन परिचय एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला अजय पालीवाल अमोल डबली एवं सुनील सिंघिया जी के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाए गए और उनसे हम किस तरह से प्रेरणा ले सकते हैं और उनकी शिक्षा और उन्हें अपने जीवन में उतार के अपना जीवन कैसे सफल बना सकते हैं इसके बारे में बताया गया मंच संचालन अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के महामंत्री पंकज चिखलकर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा के कार्यकर्ता रहे।

# भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा केबिनेट मंत्री उइके को सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.शासन की केबिनेट पी.एच.ई. मंत्री माननीया संपतियाँ उइके के छिन्दवाड़ा आवागमन के दौरान भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड.रमेश लोखंडे के नेतृत्व में छिन्दवाड़ा मेडीकल कॉलेज को संविधान निर्माता डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने की मांग को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा सर्किट हाउस पहुंचकर मा.केबिनेट मंत्री महोदया उइके को नववर्ष की शुभकामनाऐं देते हुये ,मेडीकल कॉलेज को डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय बौद्ध महासभा जिला उपाध्यक्ष एड.राजेश सांगोडे ,संरक्षक ,मनोहरराव नारनवरे ,जिला सचिव एस.आर.बेले, जिला संगठक वसंता सोमकुंवर एड.विजय मेढे ,प्रवीण पाटिल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित हुये। ज्ञापन सौपते समय प्रदेश उपाध्यक्ष एड.रमेश लोखंडे द्वारा कहा कि भारतीय बौद्ध महासभा एवं अन्य सामाजिक संगठन विगत कई वर्षो से मेडीकल कॉलेज को डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने की मांग करते रहे। इस दौरान पूर्व प्रभारी मंत्री गौरीशंकर बिसेन ,पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मेडीकल कॉलेज को संविधान निर्माता डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने की घोषणा कर शासन प्रशासन से कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया था।

मेडीकल कॉलेज को डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने संबंधी कई ज्ञापन पूर्व मुख्यमंत्री मा.शिवराज सिंह चौहान को भी सौंपे गये ,उनके द्वारा भी उक्त मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक मांग पूरी नहीं होने के कारण भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा मेडीकल कॉलेज को डॉ.आम्बेडकर का नाम दिये जाने की मांग म.प्र.शासन की केबिनेट मंत्री संपतिया उइके से की गयी ।

# गर्ल्स कॉलेज में विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह और निशुल्क ड्रायविंग लायसेंस शिविर का शुभारंभ प्रातः सूर्य नमस्कार, विवेकानंद जी के शिकागो व्याख्यान के प्रसारण और मुख्यमंत्री एवं प्राधानमंत्री जी के अभासी उद्बोधन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के प्रचारक और आधार स्तंभ थे। उन्होंने सनातन परम्परा और चिंतन को जन-जन तक प्रसारित किया। विजय झांझरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। श्रीमती गरिमा प्रतीक दमोदर ने कहा कि महिला शक्ति हर मुश्किलों का सामना कर अपने लक्ष्य को हासिल करती है। विजय पांडे ने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न की पूर्ति के लिए हमे प्रयासरत रहना चाहिए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तहनगुरिया ने छात्राओं को यातायात के नियम और सुरक्षा के उपाए बताएं। एसडीएम श्री सुधीर कुमार जैन ने छात्राओं को सफलता प्राप्त करने के लिए स्वयं के प्रेरणादायी अनुभवों से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. पम्मी चावला ने छात्राओं को ड्राईविंग लाईसेंस बनवाकर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए सचेत किया। कार्यकम में दारा जुनेजा, भरत घई, रोहित पोफली, तरूण किनडा, तरूण सोनी, राकेश पहाडे, शिवा सरसवार, मयूर पटेल, चरणजीत सिंग वीज उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन डॉ. विजय कलमधार रहे।

## तालाब में जा रहा घरों का निस्तार पानी और दुकानों की गंदगी

# आस्था से जुड़े गणेशी तालाब में गंदगी का अंबार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सरकार तालाबों के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए जल.जीवन हरियाली योजना चला रही है। नगर परिषद लांजी अंतर्गत कुल 77 तालाबों की खोज करके उसको संरक्षित करने एवं उसके सुंदरीकरण के लिए योजना तो बनी लेकिन फाइलों से बाहर नहीं निकली है। लांजी-आमगांव रोड पर नगर परिषद लांजी परिसर के ठीक सामने स्थित गणेशी तालाब जो लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। छठ पर्व से लेकर अन्य पर्व त्योहार पर यहां आयोजन होता है। दुर्गा पूजा, काली पूजा, विश्वकर्मा पूजा सहित अन्य मौके पर स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन भी इसी तालाब में किया जाता है। लेकिन नगरीय निकाय की उदासीनता के कारण आस्था के इस तालाब में गंदगी और कचरे की ढेर लगी हुई है।

**वर्ष भर के धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ा है गणेशी तालाब:** गणेशी तालाब में पूरे वर्ष भर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम गणेश विसर्जन, दुर्गा विर्सजन, कलशों का विसर्जन सहित अन्य विविध धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जाते है ऐसे में इतने विशिष्ट तालाब में चिकन एवं मटन के अपशिष्ट पदार्थ एवं निस्तार के पानी सहित गंदगी का बहाया जाना उचित नहीं है। वहीं बदलते परिवेश में बढ़ती आबादी के साथ अतिक्रमण कर स्थानीय लोगों ने आवासीय मकान, दुकान आदि का निर्माण कर लिया। पारंपरिक जलस्त्रोतों का दोहन कर उसे समाप्त करने में शहर के लोगों ने पूरी सक्रियता दिखाई। नगर परिषद लांजी अंतर्गत हर वार्ड में दो से तीन पुराने तालाब है। लेकिन, अधिकांश तालाबों पर अतिक्रमण के कारण उसका अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार करीब 2 एकड़ में फैले गणेशी तालाब का भी अस्तित्व भविष्य में समाप्त होने जैसा है। तालाब के चारों ओर रह रहे स्थानीय मोहल्ले के लोगों ने तालाब की जमीन को अपनी मानकर उस पर झोपड़ी, गुमठी, वाहन पार्किंग एवं अन्य स्थाई संरचना तैयार कर कब्जा कर लिया है। सुंदरीकरण के नाम पर दो जगह पर सीढ़ी घाट का निर्माण भी कराया गया है लेकिन वहभी गंदगी और कचरा से पटा हुआ रहता है।

**कई वर्षों से नहीं हुई सफाई:** दूसरी ओर गणेशी तालाब के ठीक सामने नगर परिषद लांजी का परिसर है जिसकी आंखों के सामने इतनी कारगुजारियों का अंबार है परंतु जिम्मेदार अनजान बनकर आस्था के प्रतीक की दुर्दशा के साक्षी बन रहे है परंतु उसे संवारने के लिये कोई प्रयास नहीं कर रहे है। जो काफी चिंतनीय बात है, साथ ही सफाई के अभाव में पानी की जगह पूरे तालाब में जंगली घास, झाड़ी है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा गणेशी तालाब की सफाई के लिये प्रस्ताव लिया गया है अब उसका टेंडर निकाला जायेगा। इसकी सफाई और इसे अतिक्रमण मुक्त करना भी जरूरी है। इसके लिए कार्रवाई की जा रही है। आम लोगों को भी अपने मोहल्ले के तालाबों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए आगे आना होगा। गणेशी तालाब में लोगों द्वारा बहाये जा रहे निस्तार के पानी और दुकानदारों द्वारा जो अपशिष्ट पदार्थ बहाये जा रहे है उन्हें नोटिस दिया जायेगा और नगर की शोभा बढ़ाने वाले गणेशी तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जयेगा।

**राजीव लोचन कटारे**
**सीएमओ, नगर परिषद लांजी**

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती 12 जनवरी को समूचे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाई गई. इस मौके पर शैक्षणिक-गैर शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य कई स्थानों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ. शासन के निर्देशानुसार बालाघाट जिला मुख्यालय सहित कटंगी के सीएम राइज स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ. जहां सैकड़ों बच्चों के साथ एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, तहसीलदार छवि पंत, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, सहायक संचालक सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत कर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया. पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया था. शुरुआत में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती और विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष पूजन किया. तत्पश्चात सूर्य नमस्कार की विधाओं का क्रम शुरू हुआ। सीएम राइज स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की शुरूआत में प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के संबोधन का प्रसारण करवाया जिसमें सीएम ने कहा कि आज से सौ वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद ने घोषणा की थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी. आज हम उसी की तरफ अग्रसर हैं. उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही. मुख्यमंत्री ने कहा योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, इसलिए योग के माध्यम से हम अपने शरीर को भी स्वस्थ रखें और मन को भी. सीएम राइज के अलावा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित विकासखंड कटंगी की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन करवाया।

# केशव स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**वारासिवनी।** केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरूषोत्तम पालीवाल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीप ज्योति मंत्र का उच्चारण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताया। विद्यालय की छात्रा ख्याति राणा ने स्वामी विवेकानंद का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं को शासन के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास करवाया गया।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय से झांकी और घोष के साथ नगर में पथ संचलन किया गया। झांकी में स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में कक्षा 12 वीं से निशांक चित्रीव, रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में कक्षा 9 वीं से तिथि चौधरी, भारत माता की वेशभूषा में कक्षा 9 वीं की अदिति खंडेलवाल, भगिनी निवेदिता की वेशभूषा में कक्षा 11 वीं की सूची पटले और छत्रपति शिवाजी महाराज की वेशभूषा में कक्षा 10 वीं से अनुराग तुरकर ने अपनी भूमिका निभाई।

# तेज रफ्तार चौपहिया वाहन की टक्कर बाइक सवार की मौत से गुस्सायें ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

बालाघाट जिले में रामपायली-डोंगरमाली में पिकअप वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त ग्राम डोके निवासी 25 वर्षीय घुमेन्द्र उइके के रूप में हुई है। युवक की मौत के गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। जानकारी मिलने पर रामपायली थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारी वाहन को जब्त कर वाहन मालिक को लाने और मुआवजा पर अड़े रहे। विधायक विवेक पटेल घटनास्थल पहुंचे। पुलिस एवं ग्रामीणों से चर्चा के बाद प्रदर्शन को खत्म कराया। पुलिस ने शव बरामद कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

घुमेन्द्र उइके अपनी सगाई का निमंत्रण देने के बाद डोंगरमाली से बाइक से अपने घर आ रहा था। डोंगरमाली और नवेगांव के मोड़ पर पिकअप वाहन ने उसे सामने से टक्कर मार दी। उसकी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसमें किसी ग्रामीण ने मृतक को पहचानकर घर वालों को सूचना दी। युवक घुमेंद्र उइके की 21 जनवरी को वारासिवनी में सगाई होने वाली थी। उसके पहले ही सड़क हादसे में घुमेन्द्र की मौत से दोनों परिवारों में मातम छा गया।

नवेगांव-डोंगरमाली के बीच पड़ने वाला इस मोड़ को ग्रामीण अंधे मोड़ के नाम से जानते हैं। यहां सड़क इतनी सकरी हैं कि सड़क से एक साथ दो वाहन नही गुजर सकते हैं। किनारे लगी झाड़ियों सड़क तक आ पहुंची हैं। ऐसे में सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं। पहले भी इसी मार्ग पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। यहां ना कोई चेतावनी बोर्ड है, न गति अवरोधक हैं। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि सड़क तक उग आई झाड़ियों को हटाने के आदेश संबंधित विभाग को दे दिए गए हैं। सड़क चौड़ीकरण के लिए पत्र शासन को लिखेंगे। मृतक के परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाएंगे।

# 22 को घरों में दीपक जलाएं, दीपावली मनाएं

## लांजी नगर में रामटोली के सदस्य घर-घर जाकर दे रहे न्यौता

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धर्मनगरी लांजी में लांजी की रामटोली के सदस्यों द्वारा गायत्री मंदिर से निकलकर मेनरोड, गुजरी चौक, सब्जी मंडी होते हुए सालेटेकरी रोड होते हुए सुभाष चौक आदि क्षेत्रों में भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत बांटे गए तथा 22 जनवरी को भगवान श्री रामजी के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन लोगों से दीपावली मनाने और घर-घर दीपक जलाने का आह्वान किया। रामटोली के सदस्यों का लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया तथा 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का वादा किया। रामटोली के सदस्यों ने कहा कि 22 जनवरी को घरों में दीपावली मनानी है और दीपों से घर को सजाना है। इस मौके पर रामटोली लांजी के श्यामलाल पांडे, विजय गोस्वामी पार्षद, संदीप अग्रवाल, कैलाशपुरी गोस्वामी, संदीप रामटेककर नगर परिषद उपाध्यक्ष, अविनाश रेंच, जीवन किरणापुरे, किशोर रामटेकर, मनीष लालू अग्रवाल, राजेंद्रपुरी गोस्वामी, आलोक चौरसिया, उज्जवल श्रीवास्तव, संतोष मोरघड़े खंड कारवां, संजय सयाम पार्षद, विजय कुशले,योगेंद्र दहिकर, सोहन बड़मे



# किरनापुर में तीन दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ पुलिस को हराकर डब्ल्यू सी आर जबलपुर हुई विजयी




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर महोत्सव में ऑल इंडिया व्हॉलीबाल दुसमिट के तहत रोमांचक फाइनल मैच छत्तीसगढ़ पुलिस टीम को परास्त कर यूसीआर जबलपुर की टीम किरनापुर महोत्सब 2004 की विजेता बन गई फायनल मुकाबले में पहा सेट गंवाकर सानदार बापसी करते हुए जबलपुर रेल्वे टीम के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए बाकी के सेट लगातार जीतकर मैच 3-1 से जीत लिया जबलपुर रेल्वे टीम के विजयी होते ही मैदान में लोगों ने ढोल नगाड़ों के बीच जमकर नाचते हुए जीत का जश्न भी मनाया बताये कि प्रतियोगिता का प्रथम क्वांटर फायनल मैच सांई हॉस्टल रायबरेली एवं डब्ल्यूसीआर जबलपुर के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर टीम ने मैच जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश किया उसी प्रकार द्वितीय कार्टर फायनल मुकाबला बीएचयू बनारस एवं मेरठ आर्मी के बॉच खेला गया जिसमें मेरठ आर्मी टीम विजेता रही एवं तुतीय कॉटर फायनल मुकाबला परतवाड़ा वन सिहपुर हॉस्टल के मध्य खेला गया जिसमे तरसिंहपुर टीम बिजेता बनी तथा चैथा कांटर फायनल मुकाबला छत्तीसगढ़ पुलिस टीम एवंकुरूक्षेत्र टीम के बीच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस टीम ने मैच जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश किया था उसी प्रकार प्रथम सेमीफायनल मुकाबला मेरठ आर्मी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस टीम के बीच खेला गया जिसमें छ.ग. पुलिस टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर फायनल में अपनी जगह बनाई और दूसरा सेमीफायनल मुकाबला जबलपुर रेल्वे एवं नरसिंहपुर हॉस्टल में मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर रेल्वे टीम ने बाजी मारते हुए फायनल में अपना स्थान पक्का किया ।वही तीसरे स्थान के लिए नरसिंहपुर हॉस्टल एवं मेरठ आर्मी के मध्य मैच खेला गया जिसमें नरसिंहपुर टीम ने बाजी मारते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार रोमांचक फायनल मुकाबला जबलपुर रेल्वे एवं छत्तीसगछ पुलिस टीम के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर रेल्वे टीम ने 3-1 सेट से फायनल मुकाबला जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा दूसरे स्थान पर छ.ग. पुलिस टीम रही। अंत में मैच के समापन पर सूर्योदय स्पोटिंग क्लब के पदाधिकारियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कारों का वितरण कियागया ।वही इन रोमांचक मैचों का आनंद लेने. प्रतिदिन एवं देर रात तक बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लोगों की उपस्थिति से मैदान के चारो ओर भारी भीड़ जमा रही।

**खबर संक्षेप**

## श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बैनगंगा नदी तट पर जारी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर बरसाने से पधारे कथावाचक कन्हैया महाराज ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया और श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है, अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है, इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की,जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की।

# युवाओं को पीछे धकेल रहा नशा, तंबाकू, गुटखे का सेवन

**आज का युवा तम्बाकू, गुटखा और सुपारी की लत में उलझता जा रहा है। जिससे पहले धीरे धीरे मुंह खुलना कम हो जाता है। फिर वह इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जद में पहुंच जाता है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




आज का युवा तम्बाकू, गुटखा और सुपारी की लत में उलझता जा रहा है। जिससे पहले धीरे धीरे मुंह खुलना कम हो जाता है। फिर वह इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जद में पहुंच जाता है। कैंसर से पीड़ित कई मरीजों की आयु 15 से 28 साल के बीच देखी गई। 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन युवाओं को आगे बढ़कर इस लत से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सादा पान मसाला भी नुकसान पहुंचाता है। इससे महिला व पुरुष दोनों पीड़ित हैं।

### ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस के 10 फीसदी मामलें में होता है कैंसर

ब्रिटिश मेडिकल जरनल में एम्स के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. सूत्रो ने बताया है कि कम मुंह खुलने यानी ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस के ज्यादातर मरीज युवा होते हैं। जिन्होंने 9 से 10 साल की आयु से तम्बाकू, गुटखा और सुपारी का सेवन शुरू किया होता है। ऐसे सौ मरीजों में 10 से 12 में यह कैंसर का कारण बन जाता है। रिपोर्ट में यह भी साफ किया गया कि पहले मुंह कम खुलने की समस्या ही हो यह जरूरी नहीं, कुछ रोगियों में सीधे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां भी देखी गई हैं।

### अजवाइन के साथ काला नमक और काली मिर्च मददगार

डॉक्टरो का कहना है कि एक दम से लत नहीं छोड़ी जा सकती है। ऐसा करने से मरीज के सिर में दर्द, ज्यादा नींद समेत अन्य लक्षण देखने को मिलते हैं। ऐसे में पहले दिन यदि कोई 10 बार तम्बाकू, गुट्खा और सुपारी का सेवन करता है तो उसे 8 बार कर दे। अन्य दो बार वे अजवाइन के साथ काला नमक और काली मिर्च का पाउडर का सेवन करें। यह व्यक्ति की तलब को तत्काल खत्म करने में सक्षम है। इस प्रक्रिया को धीरे धीरे बढ़ा कर व्यक्ति इस लत को छोड़ सकता है। कई मरीजों में यह तरीका मददगार साबित हुआ है।

### चार ग्रेड में होती है मुंह नहीं खुलने की समस्या

मुंह नहीं खुलने की समस्या के चार ग्रेड हैं। जितना कम मुंह खुलता है उतना ही ग्रेड बढ़ जाता है। ग्रेड एक और दो के मरीज एक्सरसाइज और हल्दी व शहद का लेप लगा इस समस्या को रोक सकते हैं। वही ग्रेड 3 और ग्रेड चार के मरीजों में सर्जरी ही विकल्प होता है। रोजाना एम्स की ओपीडी में औसतन 70 ऐसे मरीज रिपोर्ट किए जा रहे हैं।

### शहर में करोड़ों से मासिक कारोबार

शहर में पान-मसाले का कारोबार प्रति माह 50 करोड़ रुपए से ऊपर का होता है। सबसे ज्यादा चलन में जर्दा पाउच है। इसके बाद सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू और सुपारी की खपत होती है। पान मसाला में गुलकंद, खोपरा, चटनी, रोज पावडर, लच्छा, सौंप, इलायची, लौंग, मीठी सुपारी, कटी सुपारी जैसे दर्जनों पान मसाला शामिल है। पान मसाला की बिक्री बढने से शहर में पान की खपत कम हुई है। कारोबारी बताते हैं कि सिगरेट महंगी होने के कारण ग्राहक पान मसाला वाले सादे एवं जर्दायुक्त पाउचों की तरफ डायवर्ट हुए है।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढे जुआड़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन में जुआडीयानो एवं सटोरियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी एवं अन्य स्टाफ द्वारा कुत 06 सटोरियो एवं 08 जुआडीयानो पर कार्यवाही करते हुए जुआ एक्ट एवं सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गये है एवं सटोरियो व जुआडीयानो से कुल 5090 रूपये जप्त किये गये है। पकडे गए जुआडियांन- (1) जितेन्द्र पिता ओमकुमरा बघलिया उम्र 30 वर्ष नि. खामखरेती थाना बंडोल (2) रंजेश पिता गयाप्रसाद डहेरिया उम्र 31 वर्ष नि. ग्राम बिहरिया (अंजनिया) थाना छपारा। (3) अविनाश पिता गणेशप्रसाद मिश्रा उम्र 42 वर्ष नि. दुर्गा चौक कृष्ण मंदिर के पास सिवनी। (4) विजय पिता मयाशंकर मिश्रा उम्र 36 वर्ष नि. जिंदल अस्पताल के पास सिवनी । (5) राजा पिता महेश अग्रवाल उम्र 29 वर्ष नि. नर्मदा नर्सिंग होम के बाजू में काली चौक सिवनी । (6) चेतन कुमार पिता छेदीलाल बोकडे उम्र 70 वर्ष नि. चुना भट्टी थाना डुडांसिवनी । 7) गयाप्रसाद पिता सुखराम बरकडे उम्र 60 वर्ष नि. कबीर वार्ड महाराणा प्रताप नगर थाना डूंडासिवनी ( (8) किशन लाल नायकवार पिता जेठलाल उम्र 61 वर्ष नि. मंगलीपेठ थाना कोतवाली सिवनी। पकडे गये सटोरिये - (1) मनीष पिता रामजीलाल अग्रवाल उम्र 48 वर्ष नि. आजाद वार्ड चौधरी बाडा के पास सिवनी । वर्ष निवासी तिवारी होटल के पास छिंदवाडा रोड सिवनी। ठाकुर पिता शीतल ठाकुर उम्र 301 (2) पप्पू ठाकुर (3) परसराम पिता स्व० पन्नालाल साहू उम्र 35 वर्ष निवासी मंडला रोड पानी टंकी के पास डूंडासिवनी। 4) सुनील यादव पिता ढब्बू यादव उम्र 42 वर्ष निवासी टिग्गा मोहल्ला सिवनी। ( (5) दिनेश हेडाऊ पिता अशोक हेडाऊ उम्र 52 वर्ष निवासी चंद्रशेखर आजाद वार्ड सिवनी । (6) ओमकार गोखले पिता हरिराम गोखले उम्र 58 वर्ष निवासी आजाद वार्ड सिवनी।

# जिले भर में मनाया गया युवा दिवस, आयोजित हुआ सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग,आयुक्त लोक षिक्षण संचालनालय भोपाल एवं जिला कलेक्टर सिवनी के निर्देषानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के प्रार्थना स्थल पर जिला स्तरीय सामुहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन शुक्रवार को युवाओं के प्रेरक एवं युवा सोच के मार्गदर्षक राष्ट्रसंत स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सम्पन्न हुआ।





### युवा दिवस पर हुए विविध आयोजन स्वामी विवेकानंद जी को किया याद

12 जनवरी को युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय सिवनी व शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त आयोजन में महाविद्यालय के मैदान में प्रातः 9 बजे से विद्यार्थियो सहित अधिकारियो व कर्मचारियों का एकत्रीकरण हुआ। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में अकाशवाणी के माध्यम से जुड़कर उपस्थित जनसमुदाय ने मध्यप्रदेश गान के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदबोधन को सुना फिर प्रारम्भ हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार जो कि विभिन्न चक्र में किया है इसके उपरांत महाविद्यालय परिषर गोल गॉर्डन में स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के समक्ष सभी ने पुष्पहार व पूजन अर्चन करके प्रसाद वितरण किया गया

**युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में 12 जनवरी 2024 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष युवा दिवस की थीम है इट्स ऑल इन द माइंड, इसका मतलब है कि सब कुछ आपके दिमाग में हैं। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझना है कि अगर व्यक्ति मन में कुछ ठान ले तो ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे वह पूर्ण नहीं कर सकता। मन में यदि उसके हौसला हो विश्वास हो तो वह अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंच सकता है। इसी थीम को याद रखते हुए आज महाविद्यालय में सर्वप्रथम स्वामी जी की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षिका प्रो.अमिता पटेल ने स्वामी जी के जीवन दर्पण से सीख लेने हेतु सभी को प्रेरित किया उन्होंने स्वामी जी के शब्दों को दोहराते हुए कहा ३दिन रात अपने मस्तिष्क को उच्च कोटि के विचारों से भरो जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अनोखा होगा३ ।

### ''विवेकानंद जयंती सानंद संपन्न''

सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोंगज सिवनी में राष्ट्रनिर्माता संत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार महायोग एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विद्याभारती ग्रामीण शिक्षा के प्रांत प्रमुख श्री त्रियोगीनारायण मिश्र रहे। जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता योगाचार्य भगवानदास आंधवान ने की। इस अवसर पर प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव एवं विद्याभारती ग्राम भारती के जिला सहसचिव डॉ ओमकार गेडाम एवं श्रीमती सरिता आंधवान भी मंचासीन रही।

आयोजन का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। अतिथि परिचय एवं स्वागत प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव एवं श्री प्रमोद सोलंकी ने किया। विवेकानंद के ओजस्वी व्यक्तित्व का परिचय देते हुए मुख्य अतिथि श्री त्रियोगीनारायण मिश्र ने उन्हें राष्ट्रनिर्माता एवं युवाओ का प्रेरणा स्त्रोत बताया। स्वामी विवेकानंद के जीवन के अनेक मार्मिक प्रसंगो का उल्लेख किया। इसके उपरांत योगाचार्य श्री भगवान दास जी आंधवान द्वारा आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राएँ कराई गई। इस आयोजन में समस्त आचार्य परिवार, भैया-बहिन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सौ. कीर्ति ठाकुर दीदी द्वारा किया गया।

### डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालयमें मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

12 जनवरी को डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई । महाविद्यालय के प्राचार्य व डायरेक्टर डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत आदर्श हैं विधार्थियों को जिनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर अपने को सफलता के सर्वोच्च शिखर पर ले जा सकते हैं। डाँ.रामकुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में विधार्थियों ने सूर्य नमस्कार व अन्य योगाभ्यास किये। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान किया गया।इस आयोजन में विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव , प्राध्यापक गणों में डॉ.महेन्द्र नायक, श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा मैडम,श्री दीपक पटले,श्री देवी सिंह निर्मलकर एवं एल-एल.बी.व बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम, तृतीय तथा एल-एल.बी.पंचम सेमेस्टर्स के विधार्थियों की उपस्थिति रही।

### युवा नवमतदाता ही बनेगा भारत का भाग्य विधाता -युवराज

**सिवनीः-** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में युवाओ से विकसित भारत एम्बेसडर बनने का आग्रह किया जा रहा है उसी तारतम्य में नगर के विभिन्न संस्थाओं जैसे मीनाक्षी पैरामेडिकल, ज्ञानगंगा पैरामेडिकल, द्रोणाचार्य कोचिंग,ज्ञानधारा कोचिंग,डीएस क्लासेस, यूक्लिड क्लासेस आदि में भाजयुमो सिवनी के जिलाध्यक्ष श्री युवराज राहंगडाले द्वारा युवाओं से संवाद किया गया और उनसे नमो एप डाउनलोड करवाया गया और विकसित भारत एम्बेसेडर बनाया गया साथ ही ये कहा गया कि माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प 2047 में आज के युवा की महती भूमिका है।

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में हुआ रोजगार मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस में दिनांक 12जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना इकाई अंतर्गत मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का शुभारंभ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री अजय बाबा पाण्डे, प्राचार्य डॉ आर एस नाग वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए. के. चौरसिया , जिला नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह बघेल , जिला रोजगार अधिकारी विनोद सदाफल द्वारा किया गया । रोजगार मेले में प्रदेश स्तरीय एवं स्थानीय स्तर की 10 कंपनियों एवं फर्मो ने सहभागिता दर्ज की । मेले में 430 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया । जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार में संलग्न किए जाने के उद्देश्य से मेला आयोजित किया गया , जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया । मेला में स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों द्वारा युवाओं विशेषकर महिलाओं को क्रेन्दित करते हुए स्टाल लगाए तथा स्वरोजगार से जुड़ने का मार्गदर्शन प्रदान किया स्वरोजगार स्थापित करने वाली कमीशन बेस कंपनियों ने भी बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। स्थानीय स्तर की कुछ फर्मों ने महाविद्यालय के छात्रों को पार्ट टाइम रोजगार के लिए चयन किया। यह रोजगार मेला निश्चित ही बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए एक सार्थक प्रयास रहा जो उनके उद्देश्यों की पूर्ति में सफल रहा। svcgs के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह बघेल ने रोजगार मेला क्रो सफल बनाने में सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मेले को सफल बनाने में जिला रोजगार अधिकारी विनोद सदाफल जी का विशेष योगदान रहा।

# विधायक दिनेश राय ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शुक्रवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों शिर्कत किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिवनी नगर के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित शासकीय स्वामी विवेकानन्द प्राथमिक शाला मे युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य आतिथि के रुप मे शामिल हुए। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्राम जाम मे स्थित तक्षशिला उच्च.माध्य. विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां पर आप साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन सिवनी नगर के मठ मंदिर, गोपालगंज के बाद पी.जी.कॉलेज पहुंची केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने के लिए प्रारम्भ की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

# निदानात्मक क्लास से आयेगा परिणामों में सुधार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लोक शिक्षण संचानालय जबलपुर से आये अस्सिटेड डायरेक्टर श्री ठाकुर एवं पीयूष तिवारी ने नेता जी सुभाष चंद बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अच्छे परिणाम को लेकर कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों को कहा कि हमें अच्छे परिणामों के लिए 14 घंटे नहीं बल्कि आठ और कम से कम 6 घंटे अध्ययन करे निश्चित ही आप अच्छे परिणाम ला सकते है इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका अकीला खान ने बताया कि इस शाला में हमने बच्चों को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान किये है। जिससे इनका स्वागीण विकास हो सकें। बच्चो मे अध्ययन और परिणामों में गुणवत्ता को लेकर विषय विशेषज्ञों के अतिरिक्त भी मार्ग दर्शन दिया जाता है इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा ने कहा कि शाला में एक्ट्रा क्लास और निदानात्मक कक्षाओं के माध्यम से कोर्स में संबंधित विषय की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शासन के आदेशों का पालन किया जा रहा है, हाल ही में विद्यार्थियों ने अर्धवार्षिक परीक्षा मे अच्छे परिणाम दिए है।

# घोषित समर्थन मूल्य पर की जाये धान खरीदी

## जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में किसानों को धान खरीदी समर्थन मूल्य 3100 रु. प्रति क्विटल घोषित किया गया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरटी भी थी कि किसानों की धान 3100 प्र. कि समर्थन मूल्य में खरीदी की जावेगी। किन्तु वर्तमान में प्रदेश में किसानों की धान लगभग 2185 रु. में खरीदी जा रही है । जो किसानों का शोषण हो रहा है। इस पर शीघ्र कार्यवाही कर घोषणा अनुसार किसानों की धान 3100 रु. में खरीदी जावे ।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव हुकुमचंद सनोडिया किसान नेता ने बताया कि मप्र विधान सभा 2023 में भाजपा सरकार द्वार किसानो धान खरीदी का समर्थन मूल्य 3100 रू घोषित किया था एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री की गॉरंटी भी थी कि किसानों को उन्नत बनाने के लिए विधान सभा 2023 में प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्राम के किसानों की धान, भाजपा की सरकार बनने पर 3100 रू. प्रति क्विंटल खरीद की जावेगी। परन्तु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्राम के किसानों की 2185 रू. लगभग भुगतान हो रहा है जो किसानों का शोषण हो रहा है, किसान परेशान है। जिससे आने वाले 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा सरकार को इसका खामियाजा भुगताना होगा। सरकार की घोषणा अनुसार प्रदेश के किसानों की धान 3100 रु. प्रति क्वि. समर्थन मूल्य पर खरीदी की जावे तथा वर्तमान में जो 2185 रु. में की गई खरीदी धान का अन्तर की राशि का भुगतान किसानों को दिया जाये।

जिसको लेकर मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव हुकुमचंद्र सनोडिया ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

# श्रीमति अनीता प्रजापति ने स्कूल के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिवस



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में निवासरत समाजसेवी श्रीमति अनीता प्रजापति वार्ड अध्यक्ष जनसमस्या निवारण संस्थान समाज सेवी संस्था की सदस्या हे संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य अपने जन्म दिवस पर स्कूल के बच्चों को उपहार वितरण कर एवं वृक्षारोपण कर जन्म दिवस मनाते हैं एवं संस्था के सदस्य रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान करते हैं एवं आवश्यकता पड़ने पर ब्लड बैंक में रक्तदान करते आ रहे हैं इसी के चलते श्रीमती प्रजापति द्वारा भी अपने जन्म दिवस पर श्रीमति अमृता बेदी जिला उपाध्यक्ष जनसमस्या निवारण संस्थान एवं श्रीमति सीता डहेरिया सदस्य के साथ स्कूल के बच्चों को उपहार वितरण कर अल्पाहार कराकर अपना जन्म दिवस मनाया गया

# खुले में एवं बिना विहित पंजीयन के मांस-मछली का व्यवसाय करने वालों पर की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन, स्थानीय निकाय एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा खुले में मीट मछली चिकन विक्रय पर सतत निगरानी एवं मांस-मछली मार्केट का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में गुरूवार 11 जनवरी को तहसील लखनादौन के ग्राम धूमा में स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा मांस-मछली मार्केट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासन के निर्देशों का परिपालन न करने, बिना विहित पंजीयन के व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान दो प्रतिष्ठानों से चिकन का लूज नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। दल द्वारा फुटपाथ पर एवं अन्यत्र मांस-मछली का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित स्थल पर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए गए।

### सैनिक सम्मेलन 14 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह के निर्देशानुसार रविवार 14 जनवरी 2024 को सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस मनाया जा रहा है साथ ही प्रातः 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सिवनी सभा-कक्ष में पूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

**मामला नगर परिषद लखनादौन शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण का**

# एक्सपाईरी सीमेंट से हो रहा 75 दुकानों का निर्माण

### घटिया निर्माणके निरीक्षण हेतु अध्यक्ष पुत्र ने तोड़ा ताला

**लखनादौन-**नगरपरिषद लखनादौन के वार्ड क्र 04 में सार्वजनिक शौचालय से सोसायटी तक निर्माणाधीन शॉपिंग काम्पलेक्स इन दिनों घटिया निर्माण के लिए नगर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। उक्त शॉपिंग काम्पलेक्स जिसे ब्लॉक-ए से लेकर ब्लॉक एच के नाम से जाना जाता हैं जिसमें लगभग 75 दुकानों का निर्माण निकाय मद से लगभग 4 करोड की लागत से होना हैं। निर्माण हेतु जबलपुर के ठेकेदार रविन्द्र सिंह आनंद को नवम्बर 2020 में कार्यादेश जारी किया जा चुका हैं। ठेकेदार द्वारा उक्त शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण अत्यंत घटिया और स्तरहीन मापदण्डों से किया जा रहा है। शॉपिंग काम्पलेक्स की नीलामी प्रक्रिया वर्ष 2019 में पूर्ण की जा चुकी हैं और दुकानदारों से 50 फीसदी से अधिक राशि भी जमा करायी जा चुकी हैं।

**नियमों की अनदेखीः** ज्ञात हो कि शॉपिंग कॉम्पलेक्स में निर्माणधीन 75 दुकानों के निर्माण के लिए कार्यादेश में संबंधित ठेकेदार को निर्माण स्थल पर कार्य का स्वरूप/मद/लागत/अवधि एवं ठेकेदार का नाम संबंधी रोड फीचर्स साइन बोर्ड लगवाना अनिवार्य हैं साथ ही कार्य करने की समयावधि 6 माह भी नियत हैं। पर निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का साइन बोर्ड नहीं लगाया गया जबकि कॉम्पलेक्स निर्माण भी लगभग 3 वर्ष विलम्ब हैं। जबकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार किया गया कार्य विकृत/ अपूर्णया कुशल कारीगरी न होने की दशा में ठेकेदार सुधार कार्य कराये जाने हेतु बाध्य होगा। साथ ही कार्य के विलम्ब होने पर या घटिया निर्माण होने की दशा निर्माण संस्था ठेकेदार को हटा सकती हैं जिससे होने वाली क्षतिपूर्ति का नुकसान का मूल्य ठेकेदार की देय राशि से कटौती की जावेगी।

**नगर परिषद की देखरेख में हुआ निर्माणः** अनुबंध के अनुसार शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण नगर परिषद लखनादौन के उपयंत्री संदीप मरकाम की देखरेख एवं मार्ग निर्देशन में यह कार्य कराया जाना था परंतु ठेकेदार एवं उपयंत्री की मिलीभगत से 75 दुकानदारों की मेहनत का पैसा पानी की तरह घटिया निर्माण में बहाया जा रहा हैं जबकि दुकानदारों का कहना हैं कि कॉम्पलेक्स निर्माण में एक्सपायरी सीमेंट एवं कम घनत्व की ईट का इस्तेमाल किया जा रहा हैं जिसकी शिकायत नगर परिषद में की गई हैं बावजूद इसके आज दिनांक तक नगर परिषद द्वारा उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच नहीं की गई जिससे यह प्रतीत होता हैं कि नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी एवं पार्षदगण भी उक्त घटिया निर्माण के भागीदार हैं।

**हाथ लगाने से निकल रहा हैं प्लास्तरः** दुकानदारों ने कॉम्पलेक्स निर्माण में खामियां का जिक्र करते हुये बताया कि दुकान का प्लास्तर हाथ लगाने से झड रहा हैं, बीम और कॉलम जरा सी ठोकर लगने पर उनमें लगा मटेरियल भरभराकर गिर रहें हैं फर्श की बात करें तो पैर की ठोकर से फर्श उखड रहा हैं। बावजूद इसके ठेकेदार को लगभग 1 करोड की राशि का भुगतान किया जा चुका हैं।

**अध्यक्ष पुत्र ने तोडा तालाः** घटिया निर्माण की लगातार मिल रही शिकायतों पर नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना गोल्हानी के पुत्र आशीष गोल्हानी अपने पार्षद मित्रों के साथ निर्माण की जांच करने पहुंचे तो शटर में ताला लगा हुआ था जिसे अध्यक्ष पुत्र द्वारा तोडा गया । सभी ने एक सुर में माना की निर्माण कार्य अनुबंध या मापदण्ड के अनुरूप नहीं हो रहा हैं इस संबंध में जब मौके पर उपयंत्री संदीप मरकाम को फोन करके निर्माण स्थल पर बुलाया गया तो उन्होंने आने से साफ इंकार कर दिया। सभी ने मिलकर एक पंचनामा तैयार कर नगर परिषद सीएमओ सौंप दिया हैं।

**इनका कहना है**

नगर के व्यापारी पिछले 4 वर्षों पूर्व अपनी दुकान की राशि नगर परिषद में जमा कर दुकान निर्माण के इंतजार में हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा लगभग 40 दुकानों का निर्माण पूर्णहोने के बाद भी नगर परिषद को नहीं सौंप रहा हैं। किसी के इशारे पर निकाय को बदनाम करना एवं राजस्व का नुकसान करना इनका उद्देश्य हैं जल्द ही परिषद की बैठक बुलाकर उक्त कॉम्पलेक्स के संबंध में कठोर निर्णय लिये जायेगें।

- श्रीमती मीना गोल्हानी अध्यक्ष नगर परिषद लखनादौन

हम पिछले 4 वर्षो से दुकान का इंतजार कर रहे हैं ब्याज में 8 लाख रू. लेकर राशि नगर परिषद में जमा कर चुके हैं आज तक दुकान प्राप्त नहीं हुई हैं दुकान का निर्माण भी अत्यंत घटिया किस्म का हुआ हैं जिसकी शिकायत नगर परिषद में हम दुकानदारों द्वारा की गई हैं।

- संजय गोल्हानी, प्रतीक्षारत दुकानदार लखनादौन

निरीक्षण करने में पाया गया कि शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानें गुणवत्ताहीन और घटिया मटेरियल से हुआ हैं अध्यक्ष द्वारा बैठक होने पर ठेकेदार के उपर कार्यवाही तय की जावेगी।

**-श्रीमती अनिता जैन पार्षद एवं सभापति लोकनिर्माण नप लखनादौन**

शॉपिंग कॉम्पलेक्स के दुकानदारों द्वारा लम्बे समय से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग कर कार्य किया जा रहा हैं मेरे एवं साथियों द्वारा निरीक्षण किया गया तो दुकानदारों की बात सच साबित हुई ठेकेदार द्वारा अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य किया गया हैं।

**-आशीष गोल्हानी, अध्यक्ष पुत्र**

शॉपिंग कॉम्पलेक्स की जांच में सीमेंट का पंचनामा तैयार किया गया हैं ठेकेदार को उक्त संबंध में सूचना दे दी गई हैं परिषद की बैठक के बाद जो भी कार्यवाही होगी कराई जावेगी। -

**गजेन्द्र पाण्डेय मुख्य नगर परिषद अधिकारी नगर परिषद लखनादौन**

# अमरावती से अयोध्या के लिए निकले

**कड़ाके की ठंड और बीच-बीच में कहीं-कहीं बारिश कोहरा के बीच साइकिल से अयोध्या के लिए राम भक्त निकल पड़े हैं। वे साइकिल से सौ, दो सौ, 300 किलोमीटर की यात्रा नहीं अपितु लगभग 1000 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। शुक्रवार को सिवनी पहुंचे राम भक्तों ने बताया कि महाराष्ट्र के अमरावती से अयोध्या जाने के लिए आठ लोग साइकिल से निकले हैं।**



हरिभूमि न्यूजःसिवनी।

राम भक्त हर्ष सत्यनारायण पाली, सूरज ठाकुर ने बताया कि एक दिन में लगभग 100 किलोमीटर का सफर वे साइकिल से तय करते हैं। बीच के रास्तों में जहां भी भगवान जी का मंदिर, देवालय पड़ता है उनके दर्शन पूजन कर आगे के लिए निकल पड़ते हैं। 20 से 21 तारीख के बीच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। हम जहां-जहां से जा रहे हैं लोगों से मिल रहे हैं, सभी राम भक्तों द्वारा अच्छा सहयोग मिल रहा है। लोगों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जा रहा है। इसके साथ ही राम भक्तों द्वारा सभी साइकिल यात्रा में निकले यात्रियों के भोजन व ठहरने की भी उचित व्यवस्था उनके द्वारा की जाती है।अमरावती से अयोध्या के लिए निकले अन्य राम भक्तों में दीपक पाली, हर्ष पाली, मेजर राजेंद्र सिंह बघेल, प्रदीप बाबूराव, ठाकुर सूरज सिंह परिहार, राजीव चौधरी, दीपक दुबे, नरेश लारा शामिल है।

हरिभूमि

# सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

जबलपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

login : www.haribhoomi.com



## बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर एक्शन, खजाने में जमा हुए 95 लाख रुपए

# नपा ने 18 दुकानों को किया सील!

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

नगरपालिका की प्रभारी सीएमओ दिशा डेहरिया के नपा करों की बकाया राशि को लेकर एक्शन ने बकायादारों के छक्के छुड़ा दिए है। पांच सालों से ज्यादा समय के 50 हजार रुपए से ऊपर की राशि के लगभग 50 बकायादारों की सूची नगर के काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक और काली पुतली चौक पर लगाई।

वहीं नपा कॉम्प्लेक्स और चौपाटी की लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। नपा सीएमओ के वसूली को लेकर एक्शन का असर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बस स्टैंड की दो दुकानों के बकाया राशि वसूलने पहुंची सीएमओ के सामने ही बकायादारों ने अपनी राशि जमा करवा दी।जानकारी के अनुसार, नपा के राजस्व करो के खाली खजाने को नपा की प्रभारी सीएमओ ने नोटों से भर दिया है। अब तक नगरपालिका ने करों की बकाया राशि सहित अन्य बकाया राजस्व में लगभग 95 लाख रुपए जमा कर दिए है।

बताया जाता है कि काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर के पीछे स्थित नपा काम्पलेक्स और चौपाटी की दुकानों के खरीददारों ने प्रारंभिक राशि पटाने के बाद प्रीमियम की राशि जमा नहीं कराई थी। इसमें नपा कॉम्प्लेक्स के 6 दुकानदारों पर लगभग 35 से 40 लाख और चौपाटी के लगभग 15 से 16 दुकानदारों पर 72 से 75 लाख रुपए बकाया था। जिस राशि के जमा करने के निर्देश के बावजूद जमा नहीं किए जाने से दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई सीएमओ दिशा डेहरिया, राजस्व प्रभारी बीएल लिल्हारे और नपा अमले की मौजूदगी में की।इससे दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। हालांकि अभी भी ऐसे बकायादार है, जिनके नाम सार्वजनिक होने के बाद भी उन्होंने बकाया राशि जमा नहीं की। कुछ





बकायादार अब इस वहम है कि नाम तो सार्वजनिक कर दिया है, आगे क्या कार्रवाई होगी? हालांकि अब देखना है कि वे बड़े बकायादार, जिनके नाम सार्वजनिक होने के बाद भी राशि जमा नहीं कर रहे है, उन पर आगे क्या कार्रवाई होती है।नगरपालिका सीएमओ दिशा डेहरिया ने बताया कि कॉम्प्लेक्स और चौपाटी के दुकानदारों ने प्रीमियम की राशि जमा नहीं कराई थी। इसके कारण उनके प्रतिष्ठानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की है। गुरुवार को हमारा लक्ष्य 25 लाख रुपए की वसूली का था। दोपहर तक हमने 20 लाख रुपए जमा कर लिए थे।उम्मीद है कि यह आंकड़ा शाम तक पूरा हो जाएगा। शुक्रवार को भी हमने वसूली का लक्ष्य तय किया है। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। अब हम अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई करेंगे। साथ ही अतिक्रमण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### जनजातीय कार्य विभाग ने मांगी प्राथमिक शिक्षकों की जानकारी

**बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में कार्यालय संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा संभाग अंतर्गत पदस्थ स्नातक प्राथमिक शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षक के पद पर उच्च पद का प्रभार दिये की कार्यवाही प्रचलित है। इसी तारतम्य में जिले अंतर्गत पदस्थ स्नातक प्राथमिक शिक्षक जिन्हें माध्यमिक शिक्षक के पद का उच्च प्रभार दिये जाने के उद्देश्य से परिभ्रमण सूची (विचार क्षेत्र) में रखा गया है उनकी सूची विषय समूह अनुसार समस्त विभागीय संकुल प्राचार्यो को ई-मेल एवं पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी है। समस्त संकुल प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है कि वे विचार क्षेत्र सूची में शामिल उनके अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकों की विजिलेंस रिपोर्ट संबंधी चाही गई जानकारी विशेष वाहक के हस्ते कार्यालय में 15 जनवरी 2024 के भीतर उपलब्ध कराये। ताकि प्राथमिक शिक्षकों की विलिजेंस रिपोर्ट संभागीय उपायुक्त कार्यालय जबलपुर प्रेषित की जा सके।

### राष्ट्रीय युवा दिवस व सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**बालाघाट।** नेहरू युवा केंद्र बालाघाट के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस व सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ सरदार पटेल विश्वविद्यालय के सभागार में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री सीआर जांघेला के द्वारा पूरे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी श्री शैलेंद्र सिंह यादव के द्वारा यातायात के नियमों वाहन चलाते समय बरतने वाली सावधानियां से अवगत कराया। इस अवसर पर शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी पीजी कॉलेज के दल के द्वारा श्री धर्मेंद्र पारधी के नेतृत्व में तथा रक्षिका शौर्य संगठन की अध्यक्ष श्रीमती जय श्री सोनवाने के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया।

### इंडियन पब्लिक स्कूल मे मेडिकल कैंप और बच्चों के स्वास्थ्य का परिक्षण



**लालबर्रा।** विकासखंड लालबर्रा अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम में इंडियन पब्लिक स्कूल में मेडिकल कैंप पर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम इंडियन पब्लिक स्कूल के फाउंडर इरशाद खान की निगरानी में संपन्न हुई, बच्चों के परिक्षण करने के लिए डा कपिल लिल्हारे को आमंत्रित किया गया जिन्होंने बच्चों का परिक्षण कर बच्चों में कमिया रही उनको बताया साथ ही दवाइयां उपलब्ध करवाई गई. साथ ही बच्चों को इस बिगड़ते मौसम मे स्वस्थ रहने के नियम भी बताये। इस अवसर पर इंडियन पब्लिक स्कूल जाम के एच. एम जावेद खान सहायक शिक्षिकाये कमूना नगपुरे, सुमय्या खान, साक्षी जुम्हारे, रौशनी धामडे, प्रीती कुतराहे, वर्षा तुलसीकर, रीता जमरे का विशेष सहयोग रहा।

---

### मामला राजस्व क्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत कूकड़ा नाला कंजई का

## वन सहित राजस्व भूमि के नालों से रोजाना हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम धारावासी वन परिक्षेत्र तथा कंजई राजस्व परिक्षेत्र पटवारी हल्का न.14,खसरा क्रमांक-2,रकबा क्रमांक-0.655 के निकट स्थित कूकड़ा पहाड़ी से निकलने वाले राजस्व भूमि सहित वन क्षेत्र में आने वाले कूकड़ा नालें से अवैध रेत खनन और परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है।इस नाले से कंजई टोला-मानूटोला-धारावासी वाले रास्ते से प्रतिदिन ट्रैक्टरों से रेत माफियाओं द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को ताक पर रखकर रेत व्यापारी अवैध उत्खनन को अंजाम दे रहे है।रेंत माफियाओ द्वारा इस क्षेत्र में नियमो को ताक पर रख कर रोजाना रात 4.00 बजे से अवैध उत्खनन कर नालों के प्राकृतिक अस्तित्व को समाप्त कर रेत का व्यापार कर रहे है ।ट्रैक्टरों की आवाजाही से नाले पर ट्रैक्टरों के पहियों के गहरे निशान तथा रेत खनन से बने हुए बड़े-बड़े गड्ढे साफ साफ गवाही देते है की रोजाना कई ट्राली रेत का अवैध परिवहन इस जगह से किया जा रहा है।यदि सही समय पर इस अवैध कारोबार पर अंकुश नही लगाया गया तो यह नाला जल्द ही गड्ढों में तब्दील होकर बगैर रेत के खोखला होने की कगार पर है।



**रेत कारोबारी दे रहे नाले के किनारे खेतों के किसानों को पैसे का प्रलोभनः** इतना ही नहीं किसानों द्वारा रेत चोरी का विरोध किए जाने पर रेत कारोबारी नाले के किनारे बसे खेतो के मालिकों को 15 से 20 हजार रुपए तक का प्रलोभन दे रहे है ताकि बिना विरोध के यहां से रेत चोरी की जा सके।दूसरी ओर निकट भविष्य में किसानों खेतों की पारो के किनारे रेत निकलने से बारिश में जल बहाव की वजह से पानी उनकी खेत की मेढ़ तोड़कर खेतों के अंदर आ सकता है,जिससे उनकी फसलें तबाह होने का डर बना हुआ है और साथ ही इन वन नालों का प्राकृतिक अस्तित्व भी खतरे में पड़ने की संभावना है।

**वन एवं राजस्व विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीः** गौरतलब है कि संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की गस्ती के अभाव के चलते राजस्व संपदा को भारी नुकसान होने के साथ शासन को भी चपत लगाई जा रही है लेकिन राजस्व विभाग रेत माफियाओं के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है और इस क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों को रोकने में खनिज एवं राजस्व विभाग का अमला पूरी तरह असफल साबित है।

### इनका कहना है

आपके बताए जाने पर मामला संज्ञान में आया है] वैसे हमारे द्वारा इस क्षेत्र में नालों तक जाने वाले रास्तों पर ट्रेंच खोदी गई है ताकि ट्रैक्टर नाले तक न पहुंच पाए अब बाकी के रास्तों पर भी कड़ी निगरानी रखी जायेगी।

**ज्योत्सना खोबरागड़े,वन परिक्षेत्र अधिकारी निगम,लालबर्रा**

आपके द्वारा बताए गए अवैध उत्खनन क्षेत्र के बारे में माइनिंग इंस्पेक्टर को सूचना दे देंगे।

**सुरेश उपाध्याय,प्रभारी तहसीलदार लालबर्रा**

---

## जिला शिक्षा अधिकारी नहीं कर रहे क्रमोन्नति आदेश जारी, राज्य कर्मचारी संघ ने जताई नाराजगी, कलेक्टर से करेंगे शिकायत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की बैठक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के.जी. बिसेन की अध्यक्षता एवं नवीन बूढ़ी स्कूल प्राचार्य एस.के. तुरकर के मुख्य आतिथ्य में 12 जनवरी को की गई। जिसमें कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर के विमोचन के साथ ही आगामी माह में होने वाले तहसील एवं ब्लॉक शाखाओं के निर्वाचन की तिथि तय की गई। साथ ही वार्षिक सदस्यता 15 जनवरी से किए जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रमुख रूप से यह फैसला लिया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 24 एवं 30 वर्ष की सेवावधि पूर्ण कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं किए जाने पर संघ के प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से भेंट करेगा और उनके समक्ष उक्त समस्या को रखकर इसके निराकरण की मांग करेगा।बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक बिसेन, सचिव बलेश्वर राहंगडाले, तहसील अध्यक्ष के.के. ऐड़े, जितेन्द्र नकासे, राजेन्द्र लांजेवार, संतोष चौधरी, खिलेश भलावी सहित अन्य संघ सदस्य उपस्थित थे।



---

## गर्रा में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

प्रतिवर्षानुसार इस वष भी उपनगरीय क्षेत्र गर्रा में 12 जनवरी को 161 वीं विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के विचार उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए को अपने जीवन में पूर्ण सार्थक करने की शपथ ली गई। साथ ही एकदूसरे का मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान उप सरपंच राजू पांचे, पंच वार्ड श्रीमती रामेश्वरी ठाकरे, श्रीमती करुणा राणा, श्रीमती फूलनबाई परिहार, श्रीमती रेवतन शिवांकर, सुरेंद्र यादव, श्रीमती पुस्तकला कुम्भरे, संतोष डहरवाल, श्रीमती ज्ञानेश्वरी पटले, श्रीमती कामना पांडे, श्रीमती जुबेदा शाह, सोमेश्वर ठाकरे, महेश केक्तिकर, दीपक सोनगड़े, श्रीमती रीना भालाधरे, येशुनतला राउत, रूपेंद्र झारिया, संतोष सोनकर, रजनीश ठाकरे, विपतराव कोरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

## हाईस्कूल सुनारककोड़ी में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** म.प्र.शासन के आदेशानुसार इस वर्ष भी लाँजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के हाईस्कूल प्रांगण में युवादिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम ग्राम के वयोवृद्ध एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एन.एल. तिड़के के मुख्यआतिथ्य तथा सेवा निवृत शिक्षक कृष्णा बंबूरे के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ वीणापाणी माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्रों की पूजा - अर्चना के साथ हुआ । इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का विद्यालय स्टॉफ द्वारा स्वागत- सत्कार किया गया । विद्यालय के लिए योग प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित शिक्षक एच. कटरे द्वारा सर्वप्रथम वार्मअप का अभ्यास करवा कर सूर्यनमस्कार के विभिन्न आसनों को करवाया गया,जिसे कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा दोहराया गया । चार चरणों में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाये जाने के बाद प्राणायाम एवं अन्य यौगिक क्रियाएं कराई गई । कुंभक, रेचक और पूरक के अभ्यास के साथ ही भ्रामरी प्राणायाम का बड़े ही सहजता के साथ अभ्यास करवाया गया ।अंत में शवासन करवाया गया । विद्यालय के लिए सहायक योग प्रशिक्षक के रूप में एस.सोनवाने, कपिल पटले तथा अतिथि शिक्षक देवेंद्र मेण्ढे की भूमिकाएं बहुत ही सराहनीय रही । कार्यक्रम का उत्तरार्द्ध,उपस्थित अतिथियों के वक्तव्यों से प्रारंभ हुआ । मुख्य अतिथि की आसंदी से एन.एल. तिड़के जी द्वारा योग के महत्व पर सविस्तार प्रकाश डाला गया । इसी कड़ी में विशेष अतिथि कृष्णा बंबूरे जी द्वारा स्वामी जी के कृतित्व एवं जीवन में योग की महत्ता पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम में ईटोरा निवासी मधुकर ताण्डेकर जी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें; इनके द्वारा वर्तमान समय में अच्छे स्वास्थ्य के लिए बच्चों से लेकर बूढ़ों तक अर्थात सभी के लिए योग की अनिवार्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया ।कार्यक्रम के अंत में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एम.एल.येड़े द्वारा स्वामी जी के सूत्र वाक्य ₹ उत्तिष्ठ जागृत प्राप्य वरान्निबोधत ₹ की व्याख्या करते हुए शा.हाईस्कूल सुनारकोड़ी मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति तक लगातार अभ्यास करते रहने की बात कही गई एवं अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागी शिक्षकों और विद्यार्थियों को साधूवाद प्रेषित किया गया । इस अवसर पर आर.के.चौरे (प्राचार्य ) सामाजिक विज्ञान शिक्षक प्रमोद भिमटे, छात्राध्यापिका दिप्ती चौधरी व महिमा कारमेंघे तथा ग्रामीणजनों में महेंद्र रंगारी, विनायक येरपुड़े एवं भृत्य सुनिता बाई आदि उपस्थित रहें । कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन विज्ञान शिक्षक एन.गजभिये द्वारा किया गया ।



---

### तहसीलदार ने 6 पटवारियों का बनाया दल

## शनिवार को बड़े तालाब का होगा सीमांकन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के बड़े तालाब का शनिवार से सीमांकन शुरू होगा. इसके बाद ही तय होगा की तालाब में कहां किसका अतिक्रमण है. नगर परिषद कटंगी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तालाब के सीमांकन के लिए आवेदन किया था. जिसके बाद तहसीलदार ने 06 पटवारियों की टीम तैयार की है. शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक शंकरदयाल कौल ने जानकारी देते हुए बताया कि पटवारी जागेन्द्र चौधरी, ओमप्रकाश राहंगडाले, भूपेन्द्र पारधी, सूर्यशेखर राहंगडाले, शशी किशोर पटले, लोकेश कटरे तालाब का सीमांकन करेंगे. गौरतलब हो कि शहर के बड़े तालाब के जीर्णोद्वार के लिए 07 साल पहले नगर परिषद कटंगी को 2 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि शासन से स्वीकृत हुई है जिसमें 1 करोड़ की पहली किस्त नगर परिषद को दी जा चुकी है लेकिन अब तक तालाब का जीर्णोद्धारा शुरू नहीं हो पाया. इसकी सबसे बड़ी वजह तालाब के आस-पास के अतिक्रमण को बताया जा रहा है. चर्चा है कि तालाब की भूमि पर रसूखदारों ने कब्जा कर इमारते बना ली है और कोई भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी इन रसूखदारों का अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है। नगरवासी काफी लंबे अरसे से तालाब के जीर्णोद्धार की मांग रहे है ऐसे में बीते दिनों विधायक गौरव सिंह पारधी और नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने नपा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तालाब का जमीनी निरीक्षण किया. अध्यक्ष ने बताया था कि सीएमओ ने सीमांकन के लिए आवेदन कर दिया है और शीघ्र ही सीमांकन होगा. जिसके बाद से सभी नागरिकों के बीच इस बात को लेकर चर्चाएं हो रही थी कि सीमांकन कब से शुरू होगा आखिरकार अब इंतजार खत्म होते हुए दिखाई दे रहा है।

---

### 35 किमी साइकिल चलाकर एसडीएम के पास अर्जी लगाने पहुंचा आदिवासी युवक

## फौजी दर्ज कर राजस्व अभिलेखों में नाम दुरस्त कराने मांगी जा रही रिश्वत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार का एक आदिवासी युवक 35 किमी. की साइकिल यात्रा कर शुक्रवार को कटंगी एसडीएम के पास अपनी शिकायती अर्जी लेकर पहुंचा. आदिवासी युवक रमन उइके अपनी भाभी इमरता वरकड़े और साले विष्णु वरकड़े की तिरोड़ी तहसील कार्यालय में सुनवाई नहीं होने की शिकायत लेकर एसडीएम के पास पहुंचा और पूरे मामले से एसडीएम को अवगत करवाया जिसके बाद एसडीएम ने दूरभाष पर तहसीलदार से चर्चा कर शीघ्र ही निराकरण करने को कहा है तो तहसीलदार ने शीघ्र ही प्रकरण का निपटारा करने का भरोसा दिया है. वहीं जब हमने तहसीलदार से इस संबंध में चर्चा की तो उन्होंने प्रकरण संज्ञान में ना होने की बात कहीं. रमन ने बताया कि उनकी भाभी इमतरा और विष्णु ने पिता लिखनलाल वरकड़े की मौत के बाद तहसील कार्यालय में फौजी दर्ज कर राजस्व अभिलेखों में नाम दुरस्त करवाने के लिए आवेदन लगाया था लेकिन तहसीलदार ध्यान नहीं दे रहे और बाबू रिश्वत मांग रहा है. दरअसल, इस मामले की शुरुआत वर्ष 2019 से शुरू होती है जब लिखनलाल की जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर खेती की जाने लगी और लिखनलाल सीमांकन के लिए आवेदन करते है. सीमाकंन में पाया जाता है कि गांव के ही चार भाई प्रेमलाल सोनवाने, भैयालाल सोनवाने, हरिराम सोनवाने और चंदन सोनवाने ने जमीन पर कब्जा किया है हालांकि तब खेत में फसल लगी होने के कारण ग्रामीणों और सीमाकंन करने आए राजस्व कर्मचारियों के द्वारा खेत मालिक लिखनलाल वरकड़े को समझाइश दी जाती है कि वह कब्जाधारियों को फसल काटने के लिए समय दे और फसल काटने के बाद वह जमीन उसकी हो जाएगी. जिस पर लिखनलाल सहमति दे देते है किन्तु फसल काटने के बाद भी कब्जाधारी फिर से जमीन पर कब्जा कर चुके और आज भी खेती कर रहे है. वहीं गत वर्ष सितंबर माह में लिखनलाल की मौत हो गई और अब लिखनलाल वरकड़े की पुत्री इमरता और पुत्र विष्णु फौती दर्ज कराने और शासकीय अभिलेखों में नाम दुरस्त करवाने के साथ ही अपनी जमीन से अतिक्रमण हटवाने के लिए तिरोड़ी तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे है. जहां उनसे रिश्वत मांगी जा रही है. इमरता और विष्णु असाक्षर है जिस कारण इमरता के देवर आर्थिक तंगी के बीच साइकिल से न्याय की उम्मीद के लिए सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहे है।



### इनका कहना है

एसडीएम सर ने कॉल कर मुझे प्रकरण के बारे में जानकारी दी है. मेरी जानकारी में यह प्रकरण नहीं था।

**गीता राहंगडाले, तहसीलदार**

---

## आम सूचना

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष / अर्न्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण टारजन कुमार उम्र 29 वर्ष पिता श्री गोरखनाथ हाजरा, जाति दुसाध, निवासी वार्ड नं0 05 कहला पो0 कहला थाना बरोली तहसील बरोली जिला गोपालगंज (बिहार) एवं आवेदिका वंदना बोरकर उम्र 29 वर्ष, पिता श्री विष्णु प्रसाद बोरकर जाति गोवारा निवासी वार्ड नं0 04, ग्राम अरनामेटा रेल्वे स्टेशन नगरवाड़ा थाना चांगोटोला तह0 व जिला बालाघाट (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 16/01/2024 को नियत की गई है। अतः उक्त विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 16/01/2024 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-बालाघाट(म.प्र.)**